# केंद्रीय विद्यालय संगठन,लखनऊ संभाग

## सत्रांत परीक्षा 201-8-19

## कक्षा - 8

## विषय - हिन्दी

समय- 2:30 घंटा पूर्णांक- 80

निर्देश:-सभी प्रश्न अनिवार्य है।

*प्रश्नों के अंक सम्मुख दिए गए है।

**खंड – क**

प्रश्न1. निम्नलिखित अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

महात्मा गांधी अपना काम हाथ से करने पर बल देते थे। वे प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह अपने शरीर से संबंधित प्रत्येक कार्य, सफाई तक स्वयं करेगा। उनका कहना था कि जो श्रम नहीं करेगा, वह पाप करता है और पाप का अन्न खाता है। ऋषि-मुनियों ने कहा था कि बिना श्रम किए जो भोजन करता है, वह वस्तुतः चोर है। महात्मा गांधी का समस्त जीवन-दर्शन श्रम-सापेक्ष था। उनका समस्त अर्थशास्त्र यही बताता था कि प्रत्येक उपभोक्ता को उत्पादक होना चाहिए। उनकी नीतियों की उपेक्षा करने के परिणाम आज हम भोग रहे हैं।

क- ऋषि-मुनियों के अनुसार चोर की परिभाषा क्या है ? 2

ख- गाँधी जी के अनुसार पाप कौन करता है ? 2

ग- प्रत्येक आश्रमवासी से गांधी जी क्या अपेक्षा करते थे? 2

घ- 'समस्त'शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए। 1

ङ- उपर्युक्त गदयांश का शीर्षक लिखिए। 1

प्रश्न 2. निम्नलिखितअपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क्या चमकीलें तारे हैं, बड़े अनूठे प्यारे हैं

आँखों में बस जाते हैं, जी को बहुत लुभाते हैं

जगमग–जगमग करते हैं, हँस-हँस मन को हरते हैं

नए जड़ाऊ गहने हैं, जो कि रात ने पहने हैं



Scanned by CamScanner

कितने रंग बदलते हैं, बड़े दीये से जलते हैं

हीरे बड़े फबीले हैं, छवि से भरे छबीले हैं |

क- तारे कैसे लगते हैं ? 2

ख- तारे कहाँ बसे हैं ? 2

ग– जड़ाऊ गहने किसे कहा गया है? 1

घ– तारे किसे लुभाते हैं ? 1

ङ.– 'फबने' का क्या अर्थ है? 1

## खंड – ख

प्रश्न3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। 10x1=10

क- 'उपकार 'शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग लिखिए |

ख- 'संपन्नता 'शब्द का विलोम लिखिए |

ग- 'सीमा बहुत सुन्दर लड़की है 'इस वाक्य में कौन-सा शब्द विशेषण है ?

घ- 'आँखों से ओझल हो जाना'मुहावरे का अर्थ लिखिए |

ङ- 'जिसका पति जीवित न हो 'वाक्य के लिए एक शब्द लिखिए|

च- 'आगा-पीछा'का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

छ- निम्नलिखित शब्दो का संधि विच्छेद कीजिए।

स्वागत, विद्यालय

ज- 'वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है' वाक्य में कौन-सा कारक प्रयुक्त है?

झ- 'उजला' शब्द का तत्सम रूप लिखिए।

ञ- 'वह ज़ोर- ज़ोर चिल्लाता है' इस वाक्य मे क्रिया-विशेषण कौन-सा शब्द है?

## खंड – ग

प्रश्न 4 . दिए गए गदयांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x1=5

एक दिन एकाएक आकाश में उड़ता हुआ खून से लथपथ एक बाज़ साँप की उस गुफा में आ गिरा।उसकी छाती पर कितने ही ज़ख्मों के निशान थे, पंख खून से सने थे और वह अधमरा-सा ज़ोर-ज़ोरसे हाँफ रहा था। ज़मीन पर गिरते ही उसने एक दर्द भरी चीख मारी और पंखों को फड़फड़ाता हुआ धरती पर लोटने लगा। डर से साँप अपने कोने में सिकुड़ गया। किन्तु दूसरे ही क्षण उसने भाँप लिया कि बाज़ जीवन की अंतिम साँसे गिन रहा है और उससे डरना बेकार है | यह सोचकर उसकी हिम्मत बंधी और रेंगता हुआ उस घायल पक्षी के पास जा



Scanned by CamScanner

पहुंचा/ उसकी तरफ़ कुछ देर तक देखता रहा, फिर मन ही मन खुश होता हुआ बोला- "क्यों भाई इतनी जल्दी मरने की तैयारी कर ली?"

क- एक दिन एकाएक कौन खून से लथपथ गुफा में गिरा?

ख- बाज़ की छाती पर किस चीज़ के निशान थे?

ग- घायल बाज़ के गुफा में पहुँचने के बाद कौन डर गया?

घ- रेंगता हुआ कौन पहुंचा?

ङ- 'भांप लेना' मुहावरे का अर्थ है -

अथवा

बदलू मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती ही थी, अगल-बगल के गांवों के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। परंतु वह कभी चूड़ियों को पैसो से बेचता न था। उसका अभी तक वस्तु-विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था। मैंने कभी उसको किसी से झगड़ते नही देखा। हाँ, शादी-विवाह के अवसर पर वह अवश्य जिद पकड़ जाता था। जीवन भर चाहे कोई उससे मुफ्त मे चूड़ियाँ ले जाए परंतु विवाह के अवसर पर वह सारी कसर निकाल लेता था। आखिर सुहाग के जोड़े का महत्त्व ही और होता है।

क- बदलू का पैतृक पेशा क्या था ?

ख- गाँव मे सभी स्त्रियाँ किसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती थी ?

ग- वस्तु-विनिमय किसे कहते हैं ?

घ- बदलू किस अवसर पर जिद पकड़ लेता था ?

ङ- 'सुहाग का जोड़ा' वाक्यांश का क्या अर्थ होता है ?

प्रश्न 5. निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मैया कबहिं बढ़ेगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यों, ह्वै है लांबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहे, नागिनी-सी भुई लोटी।
कांचो दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।



Scanned by CamScanner

क- मैया कबहिं बढ़ैगी चोटी? यह प्रश्न कौन कर रहा है व क्यों ? 2

ख -"देति न माखन-रोटी" का भावार्थ लिखिए | 2

ग- 'हरि-हलधर' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

अथवा

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

जग मे बैरी कोई नही , जो मन शीतल होय ।
या आपा को डारि दे , दया करे सब कोय ॥

क- कवि और कविता का नाम लिखिए । 1

ख- अपना मन शीतल होने से हमारे प्रति दूसरों का व्यवहार किस तरह प्रभावित होता है ? 2

ग- कवि ने मनुष्य को अपना आपा त्यागने की बात क्यों कही है ? 2

प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 6x2=12

क- 'कामचोर' कहानी हमें क्या संदेश देती है ?

ख- जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन-से वाक्य छापे गए थे? उस फिल्म में कितने चेहरे थे?

ग- साइकिल आंदोलन से पुड्डूकोट्टई की महिलाओं के जीवन मे कौन-कौन से बदलाव आए ?

घ- बिलवासी मिश्र जी के चोरी के कार्य को क्या आप उचित मानेंगे? तर्क सहित उत्तर दीजिये |

ङ- पानी की कहानी के आधार पर पानी के जन्म और जीवन-यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए ।

च- पत्र जैसा संतोष फोन या एस॰ एम॰ एस॰ का संदेश क्यों नही दे सकता है ?

प्रश्न 7.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। 5x2=10

क- बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने को तैयार हुए ?

ख- सुदामा की दीन दशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ?

ग- मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा सा मक्खन बिखरा क्यों देते थे?

घ- एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है - कथन का भाव स्पष्ट कीजिए ।

ङ.- कबीर दास घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ?

प्रश्न 8. सुदामा चरित के आधार पर सच्ची मित्रता पर अपने विचार लिखिए | 4



Scanned by CamScanner

प्रश्न 9.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3x2=6

क- राजा राममोहन राय कौन थे? उनका नाम प्रसिद्ध क्यों है?

ख- चाँद बीबी कौन थी ? उसके बारे मे कौन सी घटना याद की जाती है ?

ग- 'वेद' शब्द की उत्पत्ति बताते हुए इसका अर्थ स्पष्ट कीजिए।

घ- जेल में रहते हुए जवाहर लाल नेहरू कौन-से कार्य करते थे?

## खंड – घ

प्रश्न10. चार दिनों के अवकाश की स्वीकृति के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

मित्र को जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित विषयों मे से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 8

1- विज्ञान की देन 2- मेरा प्रिय कवि 3- समय का सदुपयोग



Scanned by CamScanner